पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस-विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 08 एवं एनबीडब्ल्यू में 02 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक- 11.03.2023

दिनांक 10/11-03-2023 को रात्रि थाना आशियाना 01, गोमतीनगर विस्तार 02, बी.के.टी. 01, पारा 02, गोसांईगंज 01, पी.जी.आई. 01 एवं एनबीडब्लू में थाना इटौंजा 02 अभियुक्त गिरफ्तार, इस प्रकार वांछित में कुल 08 एवं एनबीडब्ल्यू में 02 अभियुक्त गिरफ्तार।

भा0द0वि0

ठाकुरगंज-(सुसाइड)- दिनांक 11-03-2023 को थाना ठाकुरगंज द्वारा बताया गया कि श्री कौशल सोनी पुत्र स्व0 हरिराम निवासी सोनी निवास विश्वास नगर मल्लाही टोला थाना ठाकुरगंज जनपद लखनऊ ने थाना ठाकुरगंज पर सूचना दिया कि दिनांक 10.03.2023 को उसके पुत्र उत्कर्ष सोनी उम्र करीब 20 वर्ष निवासी उपरोक्त ने घर पर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री सचिन कुमार मो0नं0 8449381066 द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक उत्कर्ष सोनी पुत्र कौशल सोनी उम्र करीब 20 वर्ष निवासी सोनी निवास विश्वास नगर मल्लाही टोला थाना ठाकुरगंज जनपद लखनऊ ने अपने घर में पंखे से दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी है। मृतक बी.कॉम का छात्र था।

इन्दिरानगर-(चोरी)- दिनांक 11-03-2023 को थाना इन्दिरानगर द्वारा बताया गया कि वादी श्री घनश्याम रस्तोगी पुत्र श्री राजित राम निवसी मूलपता मो0 पुरानी बाजार भिन्गालि जिला श्रावस्ती हालपता म0न0 5 व 6 वैशाली इन्कलेव एक्सटेंशन थाना इन्दिरानगर लखनऊ ने थाना इन्दिरानगर पर सूचना दिया कि वादी का पुत्र शोभित कुमार रस्तोगी निवासी म0न0 5 व 6 वैशाली इन्कलेव एक्सटेंशन थाना इन्दिरानगर लखनऊ अपने निजी मकान में रहता है दिनांक 09-03-2023को रात्रि वादी का पुत्र शोभित कुमार रस्तोगी परिवार सहित नीम करौरी (उत्तराखण्ड) दर्शन करने गए थे व घर पर ताला लगा था। घर का ताला तोड़कर अंदर रखी अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमे रखे सोने व चाँदी के कीमती जेवरात व नकदी को अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया है। **इस सूचना पर थाना इन्दिरानगर पर मु0अ0सं0 81/2023 धारा 457/380 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना एस0आई0 श्री मनोज कुमार द्वारा की जा रही है।**

गाजीपुर-(एक्सीडेन्ट)-दिनांक 11-03-2023 को थाना गाजीपुर द्वारा बताया गया कि वादिनी श्रीमती माधुरी पत्नी विष्णुशंकर निवासी सी– 1453/2 इन्दिरानगर थाना गाजीपुर लखनऊ ने थाना गाजीपुर पर सूचना दिया कि दिनांक 10-03-2023 समय करीब 01.00 बजे दोपहर को वादिनी अपनी सास श्रीमती बीना दुबे पत्नी श्री बेजूलाल निवासी उपरोक्त के साथ डी.के. बिक्र फील्ड के सामने वाले चौराहे पर रास्ता क्रास कर रहे थे कि तभी आरावली पुलिस चौकी की तरफ से आ रही मो0सा0 नं0/ चालक नाम पता अज्ञात द्वारा तेजी व लापरवाही से चलाकर वादिनी की सास श्रीमती बीना दुबे उम्र करीब 73 वर्ष को टक्कर मार दिया, जिस कारण वादिनी की सास श्रीमती बीना दुबे गम्भीर रूप से घायल हो गई जिनको इलाज हेतु लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सको द्वारा वादिनी की सास श्रीमती बीना दुबे को मृत घोषित कर दिया गया। **इस सूचना पर थाना गाजीपुर पर मु0अ0सं0 101/2023 धारा 279/304-ए भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया।** जिसकी विवेचना एस0आई0 श्री मो0 रोशन द्वारा की जा रही है।